Digital Edition

# डेमोक्रेटिक फ्रंट

Website : www.demokraticfront.com

शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 । मूल्य : 2 रुपए । पेज : 4 — चंडीगढ़ — E-mail : sareeka2473@gmail.com RNI No.: HARHIN/11362

## एक नजर

### महात्मा गांधी जी ने अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर आगे बढ़ते हुए दिया आजादी में सहयोग

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। नगराधीश विश्वनाथ ने बताया कि प्रतिवर्ष देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई जाती है। महात्मा गांधी जी ने देश को आजादी दिलाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोलकर कई आंदोलन चलाये। उनके द्वारा देश की आजादी के लिए किये गए कार्यों को देखते हुए ही 30 जनवरी के दिन उनकी पुण्यतिथि को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी जी ने अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर आगे बढ़ते हुए आजादी में सहयोग दिया। उन मूल्यों और सिद्धांतों को आज भी याद रखा जा रहा है। 30 जनवरी 1948 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंतिम सांस ली थी। उन्होंने कहा कि आज उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने और ऐसी घटनाएं दोबारा ना हो, इसके लिए लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### समाधान शिविरों में पीपीपी, प्रॉपर्टी आईडी, रजिस्ट्री, एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी आदि शिकायतों का मौके पर ही हो रहा निपटारा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश विश्वनाथ ने जिलावासियों की समस्याओं को सुना और उनको प्राथमिकता के आधार पर समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी जिलावासियों से समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने की अपील की। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने जिले की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। लोगों की समस्याओं का समाधान करने में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंचकूला जिला में तीन स्थानों पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शहरी लोगों की समस्याओं को नगर निगम के सेक्टर-4 स्थित कार्यालय में सुना जा रहा है। वहीं कालका विधानसभा के लोगां के लिए एसडीएम कार्यालय कालका में समाधान शिविर लगाया जा रहा है। इसके अलावा जिला स्तर पर लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर प्रत्येक कार्यदिवस में आयोजित हो रहा है। उपायुक्त ने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

### जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच ने 3, 10, 17 और 24 फरवरी को करेगा सुनवाई

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 03,10, 17 और 24 फरवरी को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। निगम के प्रवक्ता ने बताया कि पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से सम्बंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निस्तारण किया जाएगा। बिजली चोरी, बिजली के दुरूप्योग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तिय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी। यह मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष पेंडिंग (लंबित) नहीं है क्योंकि इस न्यायालय या फोरम में विचाराधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं से अपील करता है कि वे अपनी बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 03, 10, 17 और 24 फरवरी को यू.एच.बि.वि.एन के मुख्यालय, विद्युत सदन, इंडस्ट्रियल प्लाट-3 और 4, सेक्टर-14, में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होने वाली कार्यवाही में सम्मिलित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

## कड़ी मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण से शानदार ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं : कर्नल राजीव बग्गा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** कर्नल राजीव बग्गा ने कहा कि कड़ी मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण से ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े सफलता अवश्य कदम चूमेगी। राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या श्रीमति प्रोमिला मलिक की अध्यक्षता में आर्ट ऑफ़ लिविंग पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का आयोजन एनसीसी गर्ल्स यूनिट की प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ गुरप्रीत कौर तथा एनसीसी बॉयज यूनिट के प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. यशवीर सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस व्याख्यान के प्रमुख प्रवक्ता प्रेरक वक्ता कर्नल राजीव बग्गा, उच्च पदस्थ अधिकारी रहे, जिन्होंने 32 सालों तक देश की सेवा की तथा भारतीय सेना के कई तरह के प्रोजेक्ट्स में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कर्नल राजीव बग्गा एक असाधारण मैराथन धावक हैं। उन्होंने विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों में कई अल्ट्रा मैराथन, फुल मैराथन और हाफ मैराथन में भाग लिया है और उनमें से कुछ में वे पोडियम फिनिशर रहे हैं। एनसीसी कैडेटों को प्रशिक्षण प्रदान करने में कर्नल राजीव बग्गा का बहुत अधिक और गतिशील तरीके से योगदान है। उन्होंने 15 एनसीसी कैडेटों के साथ युवा विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत वियतनाम में प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया है। कर्नल राजीव बग्गा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से कोई भी शानदार ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने सैन्य कैरियर में सीखी जाने वाली योद्धा बुद्धि और जीवन जीने की कला सांझा की। वह जम्मू कश्मीर



राज्य में दो दशकों तक आतंकवाद विरोधी अभियानों और उसकी योजना का हिस्सा रहे। उनके इस अथाह अनुभव से छात्रों को बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। कर्नल राजीव बग्गा पांच दिवसीय ऑनलाइन एसएसबी कोचिंग भी प्रदान करते है। उन्होंने छात्र छात्राओं को आजकल के सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह दी और अच्छा जीवन जीने के गुर सिखाए। इस व्याख्यान में सभी एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। प्रस्तुत कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर डॉ. रविन्द्र श्योराण, प्रोफेसर डॉ. नीरू तथा प्रोफेसर डॉ. बिंदु शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भाजपा की हरप्रीत बबला बनी मेयर, आप-कांग्रेस गठबंधन की प्रेमलता को हराया




### कांग्रेस के जसबीर बंटी सीनियर डिप्टी मेयर और तरुण मेहता डिप्टी मेयर, भाजपा हारी दोनों पद

**सारिका तिवारी, डेमोक्रेटिक फ्रंट**

**चंडीगढ़.** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में हुई हार से आप-कांग्रेस गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। कास वोटिंग के चलते चुनाव में 16 पार्षदों वाली भाजपा की हरप्रीत कौर बबला 19 वोट लेकर शहर की 31 वीं मेयर चुनी गईं। इसके बाद भाजपा के प्रदेश कार्यालय कमलम में जश्न मनाते हुए भाजपा नेता व कार्यकर्ता ढोल की थाप पर जम कर थिरके। बृहस्पतिवार को मेयर चुनाव के लिए हुई वोटिंग में कुल 36 वोट पड़े। सबसे पहले सांसद मनीष तिवारी ने वोट डाला उसके बाद वार्ड वाइज एक -एक पार्षद आकर वोट डालता रहा।

इस चुनाव में भाजपा को 19 और आप को 17 वोट मिले। तीन वोट क्रॉस हुए हैं। शहर में चर्चा है कि क्रास हुए तीनों वोट कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पार्षदों के हैं। आप और कांग्रेस गठबंधन की मेयर पद की उम्मीदवार प्रेमलता को 17 वोट ही मिले। हार के बाद आप के खेमे में मायूसी फैल गई थी। वहीं सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए हुए चुनाव में भाजपा हार गई और यह दोनों पद कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीते हैं। मेयर पद पर आप ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया था जबकि सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर पदों पर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे थे। कांग्रेस के जसबीर बंटी सीनियर डिप्टी मेयर चुन लिए गए हैं।

**डिप्टी मेयर तरुणा मेहता:** इसमें भी एक वोट क्रॉस हुआ है लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार ने जीत दर्ज कर ली है। बंटी को 19 वोट मिले जबकि भाजपा की बिमला दुबे को 17 वोट मिले। डिप्टी मेयर के पद पर भी कांग्रेस की तरुणा मेहता ने जीत दर्ज की। उन्हें भी 19 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा के लखबीर सिंह बिल्लू को 17 वोट मिले। इस चुनाव में भी आप और कांग्रेस गठबंधन के एक पार्षद ने वोट क्रॉस किया।

**क्रास वोटिंग बनी कांग्रेस-आप गठबंधन की हार का कारण:** क्रॉस वोटिंग की वजह से ही हरप्रीत कौर बबला की जीत संभव हुई है। क्योंकि भाजपा के पास बहुमत नहीं था और केवल 16 पार्षद थे। मेयर चुनाव से पहले कांग्रेस पार्षद गुरबख्श रावत भाजपा में शामिल हुईं जिसका फायदा भाजपा को मेयर चुनाव जीतने में हुआ। जब आप-कांग्रेस और सांसद के वोट को मिलाकर, उनके पास 20 पार्षद थे। फिर भी गठबंधन चुनाव हार गया। मेयर चुनाव को लेकर आप-कांग्रेस गठबंधन को पहले से ही क्रॉस वोटिंग का डर था।

**गुरबख्श रावत की घड़ी को लेकर उठा था सवाल:** सुबह 11 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। सचिव गुरिंदर सिंह सोढ़ी की तरफ से चुनाव के नियम व शर्तों के बारे में बताया गया। उन्होंने पीठासीन अधिकारी डॉ. रमणीक सिंह बेदी को कहा कि पहले वह अपना एक पेन तय कर ले, उसी से सारे काम करें क्योंकि पिछली बार बहुत गड़बड़ हुई थी। इसके बाद वोटिंग शुरू हुई। इससे पहले कांग्रेस से हाल ही में भाजपा में शामिल हुईं पार्षद गुरबख्श रावत जब वोट देने पहुंची तो उन्होंने घड़ी बांधी थी। इस पर आम आप पार्षद योगेश ढींगरा ने सवाल उठाया। कहा कि जब सबसे घडियां बाहर उतरवा ली गई हैं तो इन्होंने क्यों बांधी है। रावत ने कहा कि एनालॉग घड़ी है। स्मार्ट वॉच नहीं है हालांकि पीठासीन अधिकारी ने उन्हें घड़ी उतारने को कहा। इसके बाद ही उन्हें बैलेट पेपर दिया गया और उन्होंने वोट डाला।

**केंद्र की योजनाओं का मिलेगा सीधा लाभ :** ाजपा नेता संजय टंडन ने आशा व्यक्त की कि भाजपा समर्थित मेयर बनने से चंडीगढ़ और अधिक प्रगति की ओर बढ़ेगा। स्वच्छता अभियान से संबंधित कार्यक्रमों के साथ केंद्र की योजनाओं को सीधा लागू करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को विकसित करने में केंद्र सरकार का पूरा फोकस है, अब केंद्रीय योजनाओं का जनता को सीधा लाभ पहुंचेगा। भाजपा के प्रदेशअध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि यह विकास की जीत है। मेयर हरप्रीत कौर बबला ने कहा कि इंडी गठबंधन के शासन के पिछले एक साल में कोई विकास नहीं हुआ। हम सुनिश्चित करेंगे कि विकास तेजी से हो।

### बंटी बने सीनियर डिप्टी मेयर, गांव अटावावासियों ने फूलमाला लाद किया स्वागत



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम में कांग्रेस पार्षद जसबीर सिंह बंटी सीनियर डिप्टी मेयर का पद जीत गए हैं। उनकी इस जीत पर गांव अटावा वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। गांववासियों ने बंटी के गांव पहुंचने पर ढोल की धाप पर भांगडा डाल खुशी का इजहार किया और बंटी को फूलमालाओं से लाद दिया। वहीं जसबीर सिंह बंटी के पिता सरदार भाग सिंह भी बेटे की जीत पर फुले नही समा रहे थे। उन्होंने बंटी के साथ पूरे गांव का दौरा किया और सभी का लड्डुओं से मूंह मीठा करवाया। बंटी ने सभी गांववासियों और मार्किट दुकानदारों का आभार जताया, जिनके सहयोग और समर्थन की बदौलत आज वो इस मुकाम पर पहुंचे।

### सुरक्षित ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए हेलमेट वितरित किए

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि आरटीए कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान विशेष जांच अभियान चलाया गया। इसमें आरटीए टीम ने दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए हेलमेट वितरित किए। उपायुक्त ने बताया कि इस अनूठी पहल के रूप में दोपहिया वाहन चालकों को गंभीर सिर की चोट के बचाव को रोकने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में विस्तार से शिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान, अधिकारियों ने हेलमेट के जीवन-रक्षक लाभों पर बल दिया, ताकि दुर्घटनाओं में मृत्यु दर और गंभीर चोटों को कम किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य यातायात नियमों के अनुपालन को प्रोत्साहित करना और दोपहिया वाहन उपयोगकर्ताओं के बीच जिम्मेदार सवारी की संस्कृति को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस तरह के जागरूकता अभियान सड़क सुरक्षा को बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि दोपहिया सवार यात्रा करते समय अपनी भलाई में हेलमेट को प्राथमिकता दें और जीवन सुरक्षित बनाए। इस अवसर पर एमवीआई ब्रिजेश पासी, टीएसआई हितेश और राजन आदि शामिल रहे।



**मीटिंग** — जिला के 59 संस्थाओं में होती रही हैं एचएसएससी की परीक्षाएं, यहां 13 हजार की सीटिंग : मोनिका गुप्ता

# सीईटी परीक्षा मार्च-अप्रैल में संभावित, परीक्षा केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय जैसी सुविधाएं पूरी करें : उपायुक्त

### उपायुक्त ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली सीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की करी अध्यक्षता

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वो जिला के स्कूलों का निरीक्षण कर उनमें बिजली, पानी, बैंच, शौचालय जैसी परीक्षा के लिए जरूरी सुविधाओं को पूरा करवाएं। ताकि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा मार्च-अप्रैल में संभावित कॉमन इलिजिबल टेस्ट (सीईटी) की




परीक्षा सफलता पूर्वक करवाई जा सकें। उपायुक्त मोनिका गुप्ता लघु सचिवालय के सभागार में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली सीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उपायुक्त ने बताया कि जिला में अब तक 59 स्कूलों में ऐसी परीक्षाएं आयोजित की गई हैं। इन स्कूलों में करीब 13 हजार परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था है। उन्होंने डीईओ को निर्देश दिए कि नई परीक्षा से पहले एक रूम में 24 परीक्षाओं के बैठने की व्यवस्था, बिजली, पानी, मेल-फीमेल शौचालय, स्टाफ की नियुक्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एसएचएचसी से आग्रह किया कि वो परीक्षा से सम्बन्धित सभी दिशा-निर्देश से पहले सही तय किये जाए, ताकि उनकी पालना उचित ढंग से सुनिश्चित की जा सके। बायोमेट्रिक, चेकिंग व अन्य स्टाफ परीक्षा से एक दिन पहले या समय पर पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों के लिए उनकी चाबी, बैग या अन्य सामान को गेट पर रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पेपर एजेंसी के ही दो कर्मियों की नियुक्ति हो सकती है। उन्होंने कहा कि जिन कमरों पर परीक्षा हो वहां पर एचपीएससी की तर्ज पर दीवार घ?ी लगाने की व्यवस्था हो। इस मौके पर एचएसएससी सदस्य अमर सिंह, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, एसडीएम कालका राजेश पुनिया, नगराधीश विश्वनाथ, जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, एसीपी सुरेंद्र सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**जीपीएस लोकेशन की तैयार की जाएगी व्यवस्था:** उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस बार परीक्षा से पहले जिला प्रशासन की वैबसाइट पर परीक्षार्थियों के लिए सूचनाएं उपलब्ध करवाई जाएं। सभी धर्मशालाओं के नाम, संपर्क के लिए नंबर और जीपीएस लोकेशन की व्यवस्था की सूचियों को उपलब्ध करवाया जाए।

उन्होंने कहा कि साथ ही जिन स्कूलों में परीक्षा आयोजित की जाएगी उन स्कूलों की भी जीपीएस लोकेशन तैयार की जाए। इन लोकेशनों की सूचियां बनाकर रेलवे स्टेशन, बस अडडा, धर्मशालाओं व सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किया जाए। ताकि परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना आसान हो सके।

**सीईटी में हो सकते हैं 15 लाख परीक्षार्थी:** एचएसएससी सदस्य अमर सिंह ने बताया कि सरकार के आदेश पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग जल्द ही सीईटी की परीक्षा लेने जा रहा है। इस बार करीब 15 लाख परीक्षाओं के परीक्षा में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

इससे पहले सीईटी में 11.50 लाख परीक्षा परीक्षा दे चुके हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि परीक्षार्थियों के ब?ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए शहर के 15 किलोमीटर दायरे में भी केन्द्र स्थापित किये जा सकते हैं। जिसके लिए जिला प्रशासन को अपनी तैयारी पहले से ही रखना होगी।

उन्होंने कहा कि डयूटी के लिए नियुक्त स्टाफ के सभी सदस्यों के पास आई कार्ड जरूर होने चाहिए। ताकि आउट साइडर पर रोक लगाई जा सके। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि एक बार सभी परीक्षा केन्द्रों की फिजीकल वेरीफिकेशन जरूर की जाए।

## एक नजर

### इंडिया गेट बासमती राइस की नई पैकेजिंग लॉन्च, उपभोक्ताओं को मिलेगा बेहतर चुनाव का अवसर!




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** खाद्य उद्योग में अपनी मजबूत पहचान बनाने वाली केआरबीएल लिमिटेड, जो दुनिया के नंबर 1 इंडिया गेट बासमती चावल की मूल कंपनी है, ने अपनी नई पैकेजिंग लॉन्च करने की घोषणा की है। उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई इस नई पैकेजिंग का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर जानकारी देना और उन्हें अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार सही उत्पाद चुनने में सक्षम बनाना है। इस बदलाव की यात्रा उपभोक्ता व्यवहार को समझने के लिए किए गए गहन शोध से शुरू हुई। अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि उत्पाद की विस्तृत जानकारी का अभाव और मूल्य के आधार पर निर्णय लेना उपभोक्ताओं के सामने प्रमुख चुनौतियां थीं। इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई पैकेजिंग तैयार की गई, जो ग्राहकों के लिए उत्पाद विकल्पों को अधिक स्पष्ट और पारदर्शी बनाएगी तथा उनके विश्वास को मजबूत करेगी। इस नए दृष्टिकोण को हकीकत में बदलने के लिए केआरबीएल ने प्रसिद्ध ब्रांड कंसल्टिंग और डिजाइन फर्म लैंडर एसोसिएट्स के साथ साझेदारी की। इस सहयोग के तहत इंडिया गेट की समृद्ध विरासत और आधुनिक डिज़ाइन तत्वों को मिलाकर एक ऐसी पैकेजिंग विकसित की गई, जो अलग-अलग उपभोक्ता समूहों की आवश्यकताओं को पूरा कर सके। व्यापक शोध और परीक्षण के बाद तैयार की गई यह नई पैकेजिंग पारंपरिकता और आधुनिकता का बेहतरीन मिश्रण है। इसमें विस्तृत उत्पाद जानकारी, उपभोक्ता-अनुकूल चित्रण और क्यूआर कोड जैसी इंटरैक्टिव सुविधाएं शामिल की गई हैं, जो ग्राहकों को एक सहज और बेहतर अनुभव प्रदान करेंगी। केआरबीएल उपभोक्ताओं की अलग-अलग मानसिकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को डिजाइन करता है। चाहे परफेक्शनिस्ट हों, क्वालिटी के प्रति जागरूक ग्राहक हों, टेस्ट के शौकीन हों या फिर स्मार्ट शॉपर—हर उपभोक्ता की जरूरतों के अनुसार एक खास अनुभव सुनिश्चित किया जाता है। केआरबीएल लिमिटेड के भारत बिजनेस हेड आयुष गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि नई पैकेजिंग उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चुनौतियों का समाधान कर हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ग्राहक बासमती चावल को लेकर ज्यादा जागरूक हों। इसमें एआर-सक्षम क्यूआर कोड से लेकर वैरिएंट-विशिष्ट प्रीफिक्स जैसी विशेषताएं जोड़ी गई हैं, जो ग्राहकों की खरीदारी प्रक्रिया को सरल और अधिक लाभकारी बनाएंगी।

### शिवालिक पब्लिक स्कूल जैतो के विद्यार्थियों ने सिल्वर जोन ओलम्पियाड (विषय गणित) में शानदार प्रदर्शन किया

डेमोक्रेटिक फ्रंट जैतो,30 जनवरी ( रघुनंदन पराशर )¬शिवालिक पब्लिक स्कूल कक्षा पहली से नौवी तक के विद्यार्थियों ने सिल्वर जॉन ओलंपियाड परीक्षा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी छात्रों को अच्छे अंक मिले। कक्षा पहली की जपनीत कौर और कक्षा दूसरी के अरबाज सिंह मान और मियांश ने स्वर्ण पदक जीता, कक्षा पहली के हेवन और मनसीरत कौर ने रजत पदक जीता, और कक्षा दूसरी के हरफतेह सिंह और अवरीत कौर ने कांस्य पदक जीतकर सकूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया ।स्कूल प्रिंसिपल सरबजीत सिंह ने कहा कि स्कूल में इस तरह की परीक्षाएं आयोजित करने का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों का बौद्धिक व मानसिक विकास करना है, बल्कि ऐसी परीक्षाएं आयोजित करके विद्यार्थियों को भविष्य में सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए तैयार करना भी है।

# हर घर हर गृहिणी योजना के सभी स्टाइलिस्टों का पंजीकरण पंजीकरण अधिकारी : अतिरिक्त ऋण सी. जयाश्रद्धा

### 500 रुपये में 12 गुब्बारे लेने के पात्र अतिथि परिवार हैं, समीक्षा में दिए गए निर्देश




**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिलेरी/पवन सनी.** अतिरिक्त सी. जयाश्रद्धा ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले में हर घर हर गृहिणी योजना के 100 टन पात्र लोगों का पंजीकरण कराया जाए। फास्ट फूड डिपार्टमेंट के अधिकारी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की नियमित जांच सुनिश्चित करें और यदि तकनीकी समस्या आ रही है तो तुरंत समाधान करें। लघु सचिवालय स्थित जिला ऑडिटोरियम में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को अतिरिक्त निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त सी. जयाश्रद्धा ने बताया कि जिले में कुल 3 लाख 54 हजार 736 बीपीएल और अंत्योदय परिवार हैं। इस योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पैनल के लिए वार्ड व गांव के अनुसार जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजनापीएल बी एवं अवाई श्रेणी के परिवारों को महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देना चाहिए।

अतिरिक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि 500 रुपये से कम की योजना में 12 गैस सिलेंडर परिवार प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत सीमांत राशि पात्र व्यक्ति के खाते में सीधे अक्षरों की सूची दी गई है। हिटलर ने कहा कि इस योजना के माध्यम से मासिक सहायता के माध्यम से आर्थिक रूप से प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता प्रदान हो रही है। अतिरिक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई हर घर गृहिणी योजना आर्थिक रूप से परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने अधिकारियों को इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त सी. जयाश्रद्धा ने गैस एजेंसी सहयोगियों को भी पात्र लोगों से सलाह लेने और उनके पंजीकरण में मदद करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से योजना के बारे में पात्र लोगों की राय मांगी।

सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह ने बताया कि हर घर गृहिणी योजना के बारे में जागरुकता के लिए यूपी में मुनादी की जाएगी। लाभार्थी महिला को हरियाणा राज्य का निवासी एवं परिवार बीपीएल या ईवाईएवाई श्रेणी का होना चाहिए। अतिथि के पास डीजल गैस कनेक्शन होना अनिवार्य है। हरियाणा राज्य का परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड और बैंक खाता होना चाहिए ताकि ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड में सीधे पोस्ट किया जा सके।

एफसीएसएन संदीप ने बताया कि पात्र परिवार https://epŸæs.haryanagàæàæd.gàæv.in पोर्टल पर ग्राहक अपने परिवार पहचान पत्र संख्या के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की स्थिति की जांच भी इसी पोर्टल पर की जा सकती है। सरकार का उद्देश्य हरियाणा के सभी पात्र परिवारों को इस योजना का लाभ पहुंचाना है, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो और वे आत्मनिर्भर बन सकें।



### ओरल हेल्थ पर जागरूकता वार्ता का आयोजन किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** इनर व्हील क्लब, चंडीगढ़ सेंट्रल ने इंडियन डेंटल एसोसिएशन (मोहाली शाखा) के सहयोग से सेक्टर 17 पंचकूला में सरकारी स्कूल (हैप्पी स्कूल) की प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए ओरल हेल्थ पर एक जागरूकता वार्ता का आयोजन किया। डॉक्टर रोमिला वढेरा, डॉ. अशोक वढेरा, डॉ. प्रतिभा चौहान, डॉ. कविता शर्मा और डॉ. रुचिर कालरा ने कविताओं की मदद से दांतों को ब्रश करने के महत्व और सही तरीके को बहुत ही रोचक तरीके से समझाया। एक समय में 30 छात्रों के छोटे समूहों को संबोधित किया गया ताकि वे सब कुछ स्पष्ट रूप से समझ सकें, बातचीत के बाद सभी छात्रों को टूथपेस्ट और टूथब्रश दिया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अंजना कपूर, सचिव याशिका जैन, संपादक राशि यादव, आईएसओ गीतांजलि गर्ग और क्लब सदस्य अंजना कक्कड़ उपस्थित थे।




### NRI आचार्य हरिदास गुप्ता के नेतृत्व में सनातन धर्म में पहली बार महाकुंभ में हुआ कैलाश अभिषेक

#### अघोरी अखाड़े ने किया कैलाश अखाड़े का समर्थन

**डेमाक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** सनातन धर्म में आध्यात्मिक अखाड़े को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है इसी क्रम में आचार्य हरिदास गुप्ता ने सनातन धर्म प्रेमियों और महादेव शिव के अनुयायियों के साथ कैलाश अखाड़ा बनाने का संकल्प लिया। NRI हरिदास गुप्ता ने बताया कि कैलाश मानसरोवर से जुड़ी समस्याओं और रहस्यों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए महाकुंभ में एक शिविर का आयोजन किया गया है। इसी के साथ उन्होंने वैश्विक सनातन प्रेमियों को जोड़ते हुए कैलाश अखाड़ा स्थापना की घोषणा की।

महाकुंभ के इस शिविर में भारत और विदेश से कई मशहूर हस्तियों, अधिकारियों और सफल व्यवसायियों शामिल हो रहे है.अब तक इसमें सिंगापुर, दुबई, मलेशिया, अमेरिका, थाईलैंड, इटली, स्विट्जरलैंड से प्रवासी भारतीय और विदेशी शामिल हो चुके हैं। उम्मीद है कि अन्य देशों से भी बड़ी संख्या में लोग आएंगे. यहां प्रतिदिन हजारों लोगों को लंगर परोसा जाता है।

आचार्य हरि गुप्ता कुंभ के टेंट सिटी व कैलाश के महत्व और जागरूकता के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने दिव्य अनुभव के लिए कई विदेशियों को इस शिविर में आने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने इस बारे में समर्थन मांगने के लिए बाबाओं और राजनेताओं से लेकर दर-दर की ठोकरें खाईं. ज्यादातर लोगों ने उनकी मदद नहीं की। हरिदास गुप्ता ने बताया कि शाही स्नान को करोड़ों लोग देखते हैं, लेकिन जुलूस में केवल संत और तपस्वी ही शामिल हो सकते हैं।

हालांकि अगोरी अखाड़ा प्रमुख ने भी कैलाश मिशन को समर्थन देने का वादा किया है. अगोरी अखाड़ा प्रमुख ने कहा कि हम भगवान शिव के भक्त हैं और इसके लिए हम कुछ भी करेंगे. प्रयाग राज के जगत गुरु बुद्धेश्वर महाराज जी ने भी इस मिशन को समर्थन देने का वादा किया है। अमृतसर से योगी छोटूनाथ जी ने सिख समुदाय का समर्थन व्यक्त किया है और कहा है कि सिख समुदाय इस उद्देश्य के लिए मिलकर काम करेगा। हरि गुप्ता दिल्ली से कैलाश के लिए सीधी चार्टर उड़ानें शुरू करने के इच्छुक हैं और एयरलाइन ऑपरेटरों से बातचीत कर रहे हैं। दिल्ली से कैलाश तक की केवल 500 किमी की उड़ान है।

### जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगी : भानू बतरा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** आज जिला परिषद हाउस मीटिंग में इलाके की विभिन्न समस्याओं को सदस्य जिला परिषद भानु बत्रा ने उठाया। जिसमें उन्होंने प्रमुखता से गांव छछरौली में जिला परिषद जमीन में पार्क बनाए जाने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने इसके साथ ही छोटा ईएसआई हॉस्पिटल छछरौली कालेज के पास जिला परिषद की जमीन में बनाये जाने को लेकर अपनी बात रखी उन्होंने कहा जनता की सेवा के लिए हमेशा लोगों से मिलती रहती है। उन्होंने छछरौली पोंटा साहिब रोड से हरिजन बस्ती तक जिला परिषद की स?क के पुंन: निर्माण की बात भी मीटिंग में रखी। उन्होंने जगाधरी पोंटा साहिब रोड के पंजेटों से लेकर उर्जनी तक बेहद खराब हालत हो चुके नैशनल हाइवे को दुबारा बनवाने की भी मांग रखी । छछरौली में शेरपुर मो? स्थित कालोनियों व साथ लगते घरों के लिए सीवरेज डालने के लिए कहा खारवन में खेत के रास्ते पक्के किये जाने की बात भी रखी हरियाणा रोडवेज द्वारा कालेज के बच्चों के लिए दादुपुर हैड से वाया खारवन छछरौली कालेज तक बस चलवाये जाने की बात रखी । मुख्य कार्यकारी अधिकारी व चेयरमैन जिला परिषद रमेश ठसका ने उपरोक्त कार्य करवाने का आश्वासन दिया।




### टी 10 इंटर-स्टेट व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट 1-2 फरवरी तक

#### यह टूर्नामेंट क्रिकेट ग्राउंड, जी.एस.एस.एस. सेक्टर 26 में आयोजित किया जाएगा




**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** द वुमेन एंड चाइल्ड केयर वेलफेयर फाउंडेशन (डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ), एक प्रमुख गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ऐतिहासिक टी 10 इंटर-स्टेट व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ ये टूर्नामेंट इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन (आईडीसी) चंडीगढ़ और जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), मोहाली के सहयोग से कर रहा है। इसके साथ ही चंडीगढ़ प्रशासन, यूटी का खेल विभाग और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, पंजाब भी इस टूर्नामेंट से जुड़े हुए हैं।

टी10 इंटर-स्टेट व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट 1-2 फरवरी तक गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल (जी.एस.एस.एस) सेक्टर 26 के क्रिकेट ग्राउंड में होगा। इस आयोजन के बारे में बात करते हुए, कमलजीत सिंह, जनरल सैक्रेटरी, डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ ने कहा कि व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट में पंजाब, राजस्थान, चंडीगढ़ और दिल्ली की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के मैच दोनों दिन सुबह 9 बजे शुरू होंगे। फाइनल 2 फरवरी को दोपहर 1 बजे खेला जाएगा, जिसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह होगा। जसबीर कौर, प्रेसिडेंट, डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ ने कहा कि हम सुविधाओं से वंचित कम्युनिटीज को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम इस टूर्नामेंट के माध्यम से बाधाओं को तोड़ना और दिव्यांग क्रिकेटरों को सशक्त बनाना चाहते हैं। डॉ.चंदन अवस्थी, डिप्टी डायरेक्टर, आईडीसी चंडीगढ़ और वाइस-चेयरपर्सन, जेएसएस मोहाली ने कहा कि इस तरह के आयोजनों में लोगों की भागीदारी और प्रोत्साहन से शारीरिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना करने वाले कई लोगों के लिए संभावनाओं को फिर से बढ़ाने में मदद मिलेगी। संजीव कुमार, फाइनेंस कम एडिमिनस्ट्रेशन, जन शिक्षण संस्थान, मोहाली ने कहा कि यह पहल सभी को साथ लेकर चलने, मजबूत इरादे और खेल भावना को बढ़ाने का वादा करती है। इस टूर्नामेंट को व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया द्वारा भी समर्थन दिया जा रहा है और इसे दिव्यांग क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त है। जसबीर कौर ने आगे कहा कि हम लोगों, संगठनों और खेल प्रेमियों से इस नेक काम में हाथ बंटाने की अपील करते हैं। हम आम लोगों से भी अनुरोध करते हैं कि वे बड़ी संख्या में आकर इन प्रतिभाशाली दिव्यांग क्रिकेटरों को खेलते हुए देखें, ताकि वे बेहतर और अपने आप को प्रेरित महसूस करें। यह उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ के मिनी गुलेरिया और राजवीर सिंह भी टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। टूर्नामेंट का समर्थन करने वाले संगठनों में इंटरसॉफ्ट, सृष्टि टेक्नोलॉजीज और कोका कोला शामिल हैं। फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली हेल्थकेयर पार्टनर है।




ONLINE / Home Tutions
COMMERCE CLASSES
SUBJECTS:
Accountancy, Economics, Business Studies
CLASSES:
11TH, 12TH, B.COM, B.BA
By Qualified & experienced teachers
1 FREE DEMO CLASS
CONTACT NO.
6280972022

MEDITECH EDUCATION
CONSULTANTS & ADVISORS
For Medical and Para Medical courses from UGC approved Universities
Contact:
8194959372

## एक नजर

### मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग यूआईईटी ने अपनी सेना को जानें और भारतीय सेना में कैरियर की संभावनाओं सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** पंजाब विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने ‍卐अपनी सेना को जानें और भारतीय सेना में कैरियर की संभावनाएं卐 शीर्षक से एक प्रेरक सत्र का आयोजन किया। भारतीय सेना की कार्यप्रणाली और कैरियर के अवसरों के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कर्नल अंशुला शर्मा मुख्य अतिथि सह विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित थीं। उनके समृद्ध भाषण ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया क्योंकि उन्होंने देश की सुरक्षा में सेना की महत्वपूर्ण भूमिका, इसके संगठनात्मक ढांचे और तकनीकी और गैर-तकनीकी भूमिकाओं सहित युवा उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध कई कैरियर के अवसरों पर प्रकाश डाला। लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा ने सशस्त्र बलों में अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा के मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय सेना में प्रवेश के विभिन्न मार्गों, जैसे कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) आदि पर भी चर्चा की और छात्रों को इन प्रतिष्ठित अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग समन्वयक प्रो. शंकर सहगल ने लेफ्टिनेंट कर्नल अंशुला शर्मा के प्रेरक संबोधन के लिए उनका आभार व्यक्त किया और बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों के उत्साह की सराहना की। व्याख्यान का आयोजन यूआईईटी के निदेशक प्रो. संजीव पुरी के प्रेरक नेतृत्व में किया गया, जिनका दूरदर्शी दृष्टिकोण तकनीकी ज्ञान से परे विकास को प्रोत्साहित करके अच्छी तरह से विकसित छात्रों को पोषित करने पर केंद्रित है। सेमिनार हॉल में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिसमें विचारोत्तेजक प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा ने धैर्यपूर्वक उनके प्रश्नों का उत्तर दिया, एक सेना अधिकारी के जीवन और भारतीय सेना के लिए विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक तैयारी रणनीतियों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। पंजाब विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. परवीन गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि विशेषज्ञ की बातचीत कितनी आकर्षक, जानकारीपूर्ण और मनोरंजक थी।

### गांधी जी ने विश्व को दिया बंधुत्व का संदेश : डॉ मीनू जैन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गांधी स्टडी सेंटर व योग विभाग की ओर से गांधी जी का यौगिक जीवन विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। योग विभाग के प्राध्यापक डॉ प्रदीप कुमार मुख्य वक्ता रहे। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ मीनू जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम गांधी स्टडी सेंटर कनवीनर नीलम की देखरेख में हुआ। डॉ प्रदीप ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाधी प्राकृतिक चिकित्सा व योग पर गहरा विश्वास करते थे। यही नहीं, वह स्वय और परिवार के सदस्यों पर भी प्राकृतिक चिकित्सा के नुस्खों को अपनाया करते थे। महात्मा गांधी ने अपना सारा जीवन योग के सिद्धांतों के साथ जीया। प्रतिदिन ध्यान और ईश्वर भक्ति का अभ्यास करते हुए उन्होंने जिस प्रकार समस्याओं के समाधान के लिए अहिंसा, सत्य और संयम का मार्ग अपनाया। डॉ मीनू जैन ने कहा कि जिस प्रकार गांधी जी के विचार, उनकी कार्यविधि, अनुशासन समकालीन समय में प्रासांगिक है। उन्होंने विश्व को बंधुत्व का जो संदेश दिया, वह आज की परिस्थितियों में सबके लिए समझना व अपनी नीतियों में उसका प्रयोग करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांधी जी प्रकृति से प्रेम करते थे। साथ ही उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे गांधी जी द्वारा बताए गए नियमों के मुताबिक प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गांधी स्टडी सेंटर की को-कनवीनर डॉ अमनप्रीत कौर, हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ दीपिका घई व योग विभाग की प्राध्यापिका डॉ स्मृति ने सहयोग दिया।



# सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अपनाकर पानी की बर्बादी को रोकें: डॉ. गर्ग

### हकृवि में 'सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली' विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित उद्यान विभाग के सुनियोजित कृषि विकास केंद्र द्वारा 'सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली' विषय पर सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए प्रशिक्षण में 24 किसानों एवं 6 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग मुख्यातिथि जबकि कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग ने बताया कि 'सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली' सिंचाई की सर्वोत्तम एवं आधुनिक विधि है। इस प्रणाली से कम पानी में अधिक क्षेत्र की सिंचाई की जा सकती है। देश के अधिकांश क्षेत्रों में सिंचाई कच्ची नालियों से की जाती है। जिसमें तकरीबन 30 से 40 प्रतिशत पानी रिसाव के कारण बेकार चला जाता है। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली में पानी की बर्बादी नहीं होती। इस विधि से सिंचाई करने पर 30 से 40 प्रतिशत पानी की बचत होती है। इस विधि से फसलों की गुणवत्ता और उत्पादकता में भी सुधार होता है। उन्होंने बताया कि सरकार भी 'प्रति बूंद अधिक फसल' के मिशन के अंतर्गत फव्वारा व टपका सिंचाई पद्धति को बढ़ावा दे रही है। डॉ. एसके पाहुजा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में लगभग 200 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, जिसमें से तकरीबन 95 मिलियन हेक्टर भूमि सिंचित है। यह कुल क्षेत्रफल का केवल 48 फीसदी है। ऐसे में 52 फीसदी असिंचित कृषि भूमि में उन्नत कृषि हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति कराना भी चुनौतीपूर्ण है। समुचित जल प्रबंधन द्वारा ही इस चुनौती का सामना किया जा सकता है। इसके अलावा देश में विश्व की आबादी के लगभग 17 फीसदी लोग निवास करते हैं जबकि देश में विश्व के केवल 4 फीसदी जल संसाधन उपलब्ध हैं। ऐसे में पानी का संरक्षण करने की चुनौती करना बहुत बड़ी है, जिसमें सूक्ष्म सिंचाई पद्धति काफी सहायक सिद्ध हो सकती है। कम पानी से अधिक उत्पादन लेने के लिए सूक्ष्म सिंचाई विधि एक रामबाण तकनीक है। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न 23 विषयों पर व्याख्यान दिए गए जिनमें सूक्ष्म सिंचाई के प्रकार, इसकी आवश्यकता, इसमें प्रयोग होने वाले मुख्य अव्यव, प्रयोग में आने वाली समस्याएं एवं उनका समाधान, हाइड्रोपोनिक्स, ऑटोमेशन सिस्टम तथा इसमें प्रयोग होने वाले उर्वरक, पानी में विद्युत चालकता व पी.एच. का महत्व तथा सरकार द्वारा दिए जाने वाले अनुदान बारे विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रतिभागियों ने फल उत्कृष्टता केन्द्र मांगियाना, स्याहड़वा, जैन इरीगेशन प्रोजेक्ट-मंगाली, ग्राफ्टिंग यूनिट, दीन



दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता केन्द्र, हाइड्रोपोनिक इकाई व एग्री टूरिज्म सेंटर का भ्रमण करवाया गया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रिंस ने सभी का धन्यवाद किया जबकि मंच का संचालन डॉ. विकास काम्बोज ने किया। इस अवसर पर डॉ. राजपाल दलाल, डॉ. सुशील शर्मा, डॉ. विकास शर्मा, डॉ. सतपाल बलौदा, डॉ. आदेश कुमार, डॉ. रवीना सैनी व राजकुमार मौजूद रहे।

## साहित्य, दर्शन और विचारधारा- अंतर संवाद पर सहयोग से संगोष्ठी का आयोजन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** पंजाबी अध्ययन स्कूल, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़, आईसीएसएसआर उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ और पंजाब कला परिषद ने आईसीएसएसआर कॉम्प्लेक्स, पीयू चंडीगढ़ में साहित्य, दर्शन और विचारधारा- अंतर संवाद पर सहयोग से एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. योजना रावत ने कहा कि बढ़ते ध्रुवीकरण के दौर में, इस तरह की चर्चाएँ संवाद के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करती हैं, जो इस बात की नई अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं कि कैसे साहित्य और दर्शन दोनों द्वारा संस्कृति, विचार और विश्वास प्रणाली को लगातार नया रूप दिया जाता है। बौद्धिक जुड़ाव और अंतर-विषयक बातचीत को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाने चाहिए जो पारंपरिक सोच को चुनौती देते हैं और उन विविध तरीकों का पता लगाते हैं जिनसे संस्कृति और ज्ञान दुनिया के साथ जुड़ते हैं। अपने मुख्य भाषण में प्रो. रोंकी राम ने कहा कि साहित्य हमेशा से विचारधाराओं के लिए युद्ध का मैदान रहा है, ठीक वैसे ही जैसे दर्शन आलोचना के स्रोत के रूप में काम करता रहा है। इस संवाद का उद्देश्य एक सार्थक स्थान को बढ़ावा देना है जहाँ भाषा के माध्यम से विचार, व्यक्तिगत और सामूहिक मानवीय अनुभवों को प्रकाशित कर सकें। उन्होंने आगे तर्क दिया कि कविता और दर्शन समानांतर रूप से काम करते हैं, प्रवचन के माध्यम से नए ज्ञान का निर्माण करते हैं। प्रसिद्ध विचारक प्रोफेसर अमरजीत ग्रेवाल ने अपने संबोधन में वैचारिक आंदोलनों के संबंध में प्रतिनिधित्व और कहानी कहने के लिए एक नैतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। जैसे-जैसे समकालीन लेखक वैश्विक संकटों से जूझ रहे हैं, ये बातचीत कला और सामाजिक सिद्धांत के बीच पारंपरिक सीमाओं को चुनौती देती है और उनका विस्तार करती है। उन्होंने कहा कि पंजाब की धरती पर लिखा गया धार्मिक ग्रंथ ऋग्वेद दर्शन और नैतिकता का सबसे बड़ा स्रोत है। उन्होंने भौतिकवाद से सार्थक अस्तित्व की ओर बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया, इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे प्रौद्योगिकी ने मानव व्यवहार को बदल दिया है।

पंजाब कला परिषद के अध्यक्ष श्री स्वर्णजीत सावी ने प्रतिष्ठित कवि पद्मश्री सुरजीत पात्तर को समर्पित कार्यक्रम में सभी विभागों के योगदान की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मानवता की भलाई के लिए इस तरह के संवाद वैश्विक स्तर पर जारी रहने चाहिए।

विषय का परिचय देते हुए, आईसीएसएसआर क्षेत्रीय केंद्र की मानद निदेशक, प्रो. उपासना जोशी ने कहा कि हमें मानवीय जांच के इन तीन क्षेत्रों के बीच गहरे संबंधों का पता लगाना चाहिए और यह जांचना चाहिए कि साहित्य और दर्शन किस तरह राजनीतिक और वैचारिक आंदोलनों के साथ जुड़ते हैं, सामाजिक मानदंडों, पहचानों और दुनिया में व्यक्तियों की भूमिकाओं को आकार देते हैं। उन्होंने प्रमुख दार्शनिकों, लेखकों और सांस्कृतिक सिद्धांतकारों की अंतर्दृष्टि का उपयोग करके यह दर्शाया कि कैसे साहित्य ने वैचारिक धाराओं को प्रतिबिंबित किया है।

## निरंकारी सामूहिक विवाह समारोह में 93 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



### एक दूसरे का आदर-सत्कार करते हुए कर्तव्यों का पालन करेः सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

डेमोक्रेटिक फ्रंट जैतो,30 जनवरी (रघुनंदन पराशर)ः संत निरंकारी मिशन ब्रांच जैतो के मुखी अशोक धीर और फिरोजपुर जोन के जोनल इंचार्ज एन. एस .गिल ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में सोमवार 27 जनवरी को आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में महाराष्ट्र के अतिरिक्त देश के कई राज्यों एवं दूर देशों से आये 93 युगल परिणय सूत्र में बंधे। महाराष्ट्र के 58वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के विधिवत समापन के उपरान्त पिंपरी पुणे स्थित मिलिटरी डेअरी फार्म ग्राउंड के समागम स्थल पर ही इस समारोह का आयोजन किया गया।



नव विवाहित वर-वधुओं को सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने एक दूसरे का आदर-सत्कार करते हुए कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए परस्पर प्रेम एवं भक्ति भाव से युक्त होकर जीवन जीने का आशीर्वाद प्रदान किया तथा निरंकारी पद्धति द्वारा सादे विवाह को अपनाने के लिए उनके परिवारों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पारम्परिक जयमाला के साथ निरंकारी विवाह का विशेष चिन्ह सांझा-हार भी प्रत्येक जोड़े को मिशन के प्रतिनिधियों द्वारा पहनाया गया। तदोपरान्त आदर्श गृहस्थ जीवन जीने की शिक्षा प्रदान करने वाली निरंकारी लावें पढ़ी गई।समारोह के दौरान सतगुरु माता जी एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी ने वर-वधू पर पुष्प वर्षा कर अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वर-वधू के सम्बधित परिजनों एवं साध संगत ने भी पुष्प-वर्षा की। निश्चित रूप से यह एक अलौकिक दृश्य था। इस शुभ अवसर पर महाराष्ट्र के पुणे, कोल्हापुर, सोलापुर, सातारा, डोंबिवली, छत्रपती संभाजीनगर, अहिल्यानगर, धुले, नासिक, नागपुर, वारसा, चिपलुन और खरसई आदि विभिन्न स्थानों के अतिरिक्त गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना राज्यों एवं विदेश से कुल 93 युगल सम्मिलित हुए। सामूहिक विवाह के उपरांत सभी के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था समागम स्थल पर की गई।उल्लेखनीय है कि सादा शादियों के अंतर्गत काफी संख्या में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं उच्च शिक्षित नौजवानों के रूप में वर-वधुओं का समावेश दिखा। कुछ परिवार ऐसे भी थे जो अपने बच्चों की शादी बड़े धूमधाम से कर सकते थे। लेकिन सतगुरु की पावन छत्रछाया में उनकी दिव्य शिक्षाओं को अपनाते हुए निरंकारी पद्धति के अनुसार सादे रूप में शादी करके समाज के सामने उन्होंने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। निसंदेह सादा शादियों का यह अलौकिक दृश्य जाति, वर्ण की विषमता को मिटाकर एकत्व का सुंदर संदेश प्रस्तुत कर रहा था जो निरंकारी मिशन का संदेश भी है।

## 'डिजिटल प्रौद्योगिकी के समय में नेत्र स्वास्थ्य' पर एक व्याख्यान-सह-इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के शिक्षा विभाग ने आज 'डिजिटल प्रौद्योगिकी के समय में नेत्र स्वास्थ्य' पर एक व्याख्यान-सह-इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया, जिसमें दृष्टि और समग्र स्वास्थ्य पर लंबे समय तक स्क्रीन के सामने रहने के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। विभाग की अध्यक्ष डॉ. सतविंदरपाल कौर ने प्रतिभागियों का स्वागत किया, जबकि पंजाब की स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्व निदेशक डॉ. अरीत कौर ने डिजिटल आई स्ट्रेन, इसके लक्षणों और 20-20-20 नियम, आंखों के व्यायाम, नीली रोशनी के फिल्टर और उचित प्रकाश व्यवस्था जैसे निवारक उपायों पर एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया। उन्होंने डिजिटल उपयोगकर्ताओं के समग्र स्वास्थ्य पर जोर दिया, इष्टतम नेत्र स्वास्थ्य बनाए रखने में पोषण, आसन, मानसिक विश्राम और जीवनशैली संतुलन की भूमिका पर चर्चा की। सत्र का समापन एक रोचक प्रश्नोत्तर सत्र और डॉ. सतविंदरपाल कौर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने आंखों के स्वास्थ्य और समग्र कल्याण दोनों के लिए सजग डिजिटल आदतों की आवश्यकता पर बल दिया।

# खेलकूद गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्म-विश्वास और संकल्प की भावना को विकसित करने में मददगार : रमन गुप्ता

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** सेंट लारेंस इंटरनेशनल स्कूल, शाहपुर रोड , व्यासपुर में वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन चेयरपर्सन डा रजनी सहगल के दिशा निर्देशन में धूमधाम से संपन्न हुआ द्ध स्टील क्राफ्ट इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर रमन गुप्ता व साक्षी गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रबंधन समिति द्वारा अतिथिओं का सम्मानस्वरूप शाल, पुष्पगुच्छ व् स्मृति चिन्ह भेटकर परंपरागत स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों व् प्रबंधन समिति द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभाशीष देकर किया गया । चारो हाउस - डायमंड हाउस , क्रिस्टल हाउस, प्लेटनम हाउस और कवार्ट्? हाउस के विद्यार्थियों ने परेड करते हुए सलामी दी । अतिथियों द्वारा मशाल प्रज्वलित करके चारो हाउस के कप्तान और वाईस कप्तान को शुभकामनायें दी गयी। विद्यार्थियों ने क्रिकेट,वॉलीबाल, खो खो, कबड्डी, चैस, बैडमिंटन, रिले रेस, टग ऑ? वॉर, लेमन रेस, वन लेग रेस, फ्रॉग रेस, बुक बैलेंस रेस, बैग पैक रेस व् अन्य खेल गतिविधियों में में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन दिखाया। खेल गतिविधियों के साथ-साथ विद्याथियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। मुख्यातिथि रमन गुप्ता ने बच्चों को प्रतिस्पर्धा की भावना से खेलने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यह केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को भी सुनिश्चित करता है। खेलों के माध्यम से छात्र न केवल अपनी शारीरिक क्षमता को चुनौती देते हैं, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व कौशल और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण गुण भी सीखते हैं।

साक्षी गुप्ता ने बताया कि हार से निराश होने की भी जरूरत नहीं, क्योंकि जीत का रास्ता हार के मुहाने से होकर ही गुजरता है। खेलकूद गतिविधियाँ विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा की भावना सिखाती है, जो जीवन में सफलता की कुंजी है। यह छात्रों में आत्म-विश्वास और संकल्प की भावना को विकसित करती है। इसके साथ ही खेलकूद गतिविधियाँ विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से मुक्ति भी दिलाती हैं और उन्हें उत्साहित व सक्रिय बनाए रखती हैं। स्कूल के चेयरमैन विख्यात शिक्षाविद डा एम् के सहगल ने अपने सन्देश में कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है, वहीं उनके शरीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। खेल गतिविधियां विद्यार्थी के जीवन को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि सच्चा खिला?ी हार और जीत से प्रभावित नहीं होता है। वह खेल भावना से खेलता है। चेयरपर्सन डॉक्टर रजनी सहगल ने बताया कि स्पोर्ट्स मीट का आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल एक मनोरंजन का अवसर है, बल्कि यह उनके सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। विद्यालय प्रबंधन समिति और शिक्षकगण विद्यार्थियों को अधिक से अधिक खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, ताकि वे स्वस्थ, खुशहाल और सफल जीवन जी सकें। इसके माध्यम से न केवल वे शारीरिक फिटनेस को बढ़ाते हैं, बल्कि एक दूसरे के साथ सामूहिक कार्य में भी जुटते हैं, जो उनकी सामाजिकता को प्रोत्साहित करता है। मुख्यातिथि व् प्रबंधन समिति द्वारा 200 से अधिक विजयी विद्यार्थियों को मैडल व् सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। खेल प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के आधार पर



डायमंड हाउस को विजेता घोषित किया गया और विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रिंसिपल द्वारा जीत प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी गयी और हारने वाले विद्यार्थियों को निराश न होकर और मेहनत करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर रमन गुप्ता , साक्षी गुप्ता, डा एम् के सहगल, डा रजनी सहगल, प्रिंसिपल मीणा रोहिल्ला, डा जी बी गुप्ता, शैली चौहान, राखी बांगा, दीपक शर्मा एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 10वां वार्षिक टाईकान ट्रेल कार्यक्रम, जुटेंगे शहर के स्टार्टअप व एंटरप्रेन्योर

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में लगातार 10 वर्षों से टाईकान आयोजन कर रहे टाई चंडीगढ़ का कर्टन रेजर वीरवार को हयात होटल में आयोजित होगा । इस कार्यक्रम में इस बार 6 वर्ष 7 मार्च को हो रहे टाईकान 2025 की रूपरेखा तय की जाएगी , कार्यक्रम की जानकारी देते हुए टाई के चंडीगढ़ प्रेसिडेंट सतीश कुमार अरोड़ा ने बताया चंडीगढ़ चैप्टर के सभी मेंबर जिसमें हिस्सा लेंगे।

### श्री सिद्ध बाबा कंडोली टीम विजेता एवं इंडिया कोर्ट भातृ संगठन टीम उपविजेता रही



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** गढ़वाल रामलीला एवं दशहरा मंडल, (बिजली बोर्ड), सेक्टर 28, चण्डीगढ़ द्वारा स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह गुसाईं (लंकेश) की स्मृति में आयोजित पहली ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया। संस्था के प्रवक्ता गोपाल बैंजवाल ने बताया कि यह टूर्नामेंट उत्तराखंड के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में भाग लेने उत्तराखंड से भी खिलाडी यहां आए हुए थे। प्रतियोगिता में विजेता टीम श्री सिद्ध बाबा कंडोली को ट्रॉफी एवं 11000 रुपए के नगद पुरस्कार से नवाजा गया जबकि उपविजेता टीम इंडिया कोर्ट भातृ संगठन को ट्रॉफी एवं 5100 रुपए के पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

### डॉ.वरिंदर गांधी को तीसरी बार नैक पीयर टीम के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि कॉलेज निदेशिका डॉ . वरिंदर गांधी को तीसरी बार नैक पीयर टीम के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया ।27-28 जनवरी 2025 को नैक की पीयर टीम के सदस्य के रूप में उन्होंने विद्या सागर कॉलेज फॉर वूमेन कलकत्ता का दौरा किया । अभी हाल ही में दिसंबर 2024 में डॉ वरिन्दर गांधी महाराष्ट्र के और जनवरी में ही कलकत्ता के कॉलेज में नैक पीयर टीम के सदस्य के तौर पर निरीक्षण कर चुकी हैं ।नैक संस्था भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन करती है और उन्हें मान्यता प्रदान करती है। डॉ वरिंदर गांधी एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और सफल प्रशासक हैं, जिन्होंने एक दशक से भी अधिक समय तक जी. एन.जी .कॉलेज के प्रिंसिपल का पद संभाला और अब पिछले साढ़े चार वर्षों से कॉलेज डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं । उनके कुशल मार्गदर्शन में कॉलेज ने हर क्षेत्र में उन्नति की है और उन्होंने अपने योगदान से कॉलेज को बुलंदियों तक पहुंचाया है। आज यह कॉलेज हरियाणा के श्रेष्ठ महिला कॉलेजों की श्रेणी में आता है । विद्या सागर कॉलेज फॉर वूमेन कलकत्ता से कॉलेज पहुँचने पर कॉलेज के महासचिव स.मनोरंजन सिंह साहनी ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी। कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती नरिंदर पाल कौर , एडजंक्ट प्रोफेसर डॉ रितु कुमार और स्टाफ सदस्यों ने भी कॉलेज पहुंचने पर उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

### ब्रह्मपुरी तीर्थ स्थल में 2 को धूमधाम से मनाई जाएगी बसंत पंचमी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** परमहंस योग दरबार ब्रह्मपुरी तीर्थ स्थल, शांति नगर में 2 फरवरी को बसंत पंचमी बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। ब्रह्मदर्शी संत उपरामानंद महाराज के आशीर्वाद से 31 जनवरी को प्रातः 6 बजे कुटिया मोक्षद्वार, डोगरान मौहल्ला में नौ रामायणों के पाठ रखे जाएंगे। 31 जनवरी व पहली फरवरी को प्रातः 6 से 7:30 बजे तक व सायं 3:30 बजे से 5:30 बजे तक रामायण शिक्षा प्रवाह व सत्संग समागम का आयोजन किया जाएगा। 2 फरवरी को कुटिया मोक्षद्वार से प्रातः 6 बजे शांति नगर स्थित ब्रह्मपुरी तीर्थ स्थल तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 8 बजे हवन होगा, प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण होगा तत्पश्चात सत्संग समागम व रामायण पाठ का भोग डाला जाएगा। समापन पर भंडारा चलाया जाएगा।

### ब्रह्मलीन संत उपरामानंद महाराज की स्मृति में शोभा यात्रा निकाल हवन किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** परमहंस योग दरबार ब्रह्म ज्ञान मंदिर, शांति नगर में ब्रह्मलीन संत उपरामानंद महाराज की बरसी पर मंदिर प्रांगण में स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर हवन-यज्ञ व सत्संग-कीर्तन किया गया। संत रामानंद महाराज ने बताया कि प्रातः डोगरान मौहल्ला कुटिया से शांति नगर कुटिया तक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु कीर्तन करते हुए कुटिया पहुंचे। रास्ते भर संत मंडली व श्रद्धालु रथ को अपने हाथों से खींच कर लाए। इस अवसर पर आयोजित हवन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। आचार्य वेद मनु शास्त्री ने मंत्रोच्चारण किये। हवन उपरांत किए गए में सत्संग में संत मंडली ने प्रवचन दिए। इस दौरान ब्रह्मलीन संत उपरामानंद के प्रवचनों का वीडियो द्वारा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। सत्संग की समाप्ति पर भंडारा चलाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सत्संग में हिसार के अलावा विभिन्न स्थानों से श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



# मुख्यमंत्री और गणमान्य मंत्रियों ने एक साथ हरियाणा के 5 अलग-अलग शहरों में JBM ECOLIFE 100% इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर, JBM ECOLIFE 100 फीसदी इलेक्ट्रिक बसों को हरियाणा के 5 अलग-अलग शहरों में एक साथ हरी झंडी दिखाई गई। हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने रेवाड़ी में हरी झंडी दिखाकर इलेक्ट्रिक बसों को रवाना किया। वहीं, अंबाला में माननीय

उर्जा मंत्री, श्री अनिल विज, हिसार में माननीय राज्य मंत्री, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री, श्री गौरव गौतम,

रोहतक में माननीय विकास एवं पंचायत मंत्री, श्री कृष्ण लाल पंवार और हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा सोनीपत में हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया गया। इन पांच शहरों के अलावा, जेबीएम इकोलाइफ 100त्न इलेक्ट्रिक बसें पहले से ही पंचकुला, पानीपत, जगादरी और करनाल में चल रही हैं। हरियाणा स्थित इलेक्ट्रिक बस निर्माता, जेबीएम ऑटो ने इन इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति की है और डिपो में एंड-टू-एंड इलेक्ट्रिक बस इकोसिस्टम तैनात किया है जिसमें बिजली और चार्जिंग बुनियादी ढांचा शामिल है।

जेबीएम ऑटो को हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय ई-बस योजना के तहत 375 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। इस साल जेबीएम ऑटो ने सार्वजनिक गतिशीलता क्षेत्र में सफलतापूर्वक एक दशक पूरा कर लिया है। कंपनी का लक्ष्य सुरक्षित, विश्वसनीय और अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हुए अगले 3-4 वर्षों में 20 बिलियन से अधिक यात्रियों को सेवा प्रदान करना और 3 बिलियन ई-किलोमीटर तय करना है। नई लॉन्च की गई जेबीएम इकोलाइफ इलैक्ट्रिक बसें, जीरो एमिशन व्हीकल हैं जो अगले 10 वर्षों में परिचालन के दौरान, $CO_2$ उत्सर्जन में करीब 1000 टन के समकक्ष और 420,000 लीटर डी ?ल की बचत करेंगी। ये बसें फास्ट चार्जिंग करने वाली लीथियम-आयन बैटरियों से सुसज्जित हैं और इन बसों में कई आधुनिक फीचर्स जोडे गए हैं, जैसे रियल टाइम पैसेंजर इंफॉरमेशन सिस्टम (पीआईएस), इमरजेंसी के लिए पैनिक बटन, व्हीकल लोकेशन और ट्रैकिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, पब्लिक एड्रैस सिस्टम, स्टॉप रिक्वेस्ट बटन, फायर डिटेक्शन एवं अलार्म सिस्टम वगैरह। ड्राइवरों की सुविधा के लिए, बसों में एरगॉनॉमी डिजाइन के मुताबिक ड्राइवर कंसोल की व्यवस्था की गई है और जो इन्ट्यूटिव और यूजर-फ्रैंडली सिस्टम है ताकि ड्राइवर बिना किसी व्यवधान के ड्राइविंग पर फोकस कर सकें और इस तरह ये बसें सही मायने में ग्लोबल प्रोडक्ट हैं। श्री निशांत आर्या, वाइस चेयरमैन, जेबीएम ऑटो ने कहा, हरियाणा उन्नत प्रौद्योगिकी और सस्टेनेबल प्रयासों के एकीकरण के माध्यम से सार्वजनिक गतिशीलता को बदलने में महत्वपूर्ण क्षण पर है। हम राज्य द्वारा शुरू की गई इस प्रगतिशील यात्रा में योगदान देने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं और विभिन्न शहरों में जेबीएम इकोलाइफ इलेक्ट्रिक बसों का उद्घाटन करने के लिए हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी, विधानसभा उपाध्यक्ष और अन्य मंत्रिपरिषद के सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। ये बसें सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधान प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो भारत के व्यापक नेट ज़ीरो मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाती हैं। यह पहल जलवायु परिवर्तन से निपटने, शहरी वायु गुणवत्ता चुनौतियों का समाधान करने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने की हरियाणा की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इलेक्ट्रिक बसों को अपनाकर, राज्य अपने निवासियों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाते हुए स्थायी गतिशीलता और हरित विकास के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहा है, उन्होंने आगे कहा।



वर्तमान में, जेबीएम ने भारत, यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका आदि में कई भौगोलिक क्षेत्रों में 1,800 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें तैनात की हैं। कंपनी तैनात और निष्पादन के तहत 10,000+ इलेक्ट्रिक बसों की एक मजबूत ऑर्डरबुक का दावा करती है। कंपनी ने दुनिया की सबसे बड़ी (चीन के बाहर) समर्पित एकीकृत इलेक्ट्रिक बस विनिर्माण सुविधा स्थापित की है, जो दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में स्थित है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 20,000 इलेक्ट्रिक बसों की है। जेबीएम ऑटो हरित और सस्टेनेबल सार्वजनिक गतिशीलता समाधानों को अपनाने के हरियाणा के मिशन में शामिल हो गया है, संगठन जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों के साथ राज्य के संरेखण का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों, सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के अग्रणी लोगों ने भाग लिया।



## हिसार में 9 दिवसीय भक्तमाल कथा एवं हरि नाम

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** गोविन्द की गली परिवार श्रीधाम वृंदावन एवं लाला लखीराम आदमपुरिया परिवार द्वारा प्रसिद्ध भजन गायक विनोद अग्रवाल की पावन स्मृति में 1 फरवरी से 9 फरवरी तक अग्रसैन भवन के बड़े हाल में भक्तमाल कथा एवं हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। देश भर के विभिन्न शहरों से असंख्य श्रद्धालु भाग लेंगे। यह जानकारी आज दोपहर अग्रसैन भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्था से जुड़े सेवादारों ललित अग्रवाल, रमेश गोयल, वीरचंद्र दास, रविकांत, विक्रम वालिया व अग्रसैन भवन के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने दी। उन्होंने बताया कि पहली बार विशाल स्तर पर होने वाली भक्तमाल कथा में कथा व्यास के रुप में श्रीवृंदावन धाम से गौरदास महाराज सायंकाल 3 से 6 बजे तक प्रवचन देंगे। सभी दिनों में रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक हरि नाम संकीर्तन होगा जिसमें रोजाना अलग-अलग भजन गायक भजनों की वर्षा करेंगे। इनमें पहली फरवरी को स्वामी चंद्र देव महाराज व साध्वी सुजाता भजनों की वर्षा करेंगे।

इसी तरह 2 फरवरी को राहुल चौधरी, 3 फरवरी को कृष्ण भुटानी, 4 फरवरी को धीरज बावरा, 5 फरवरी को निकुंज कामरा व आरुषि गंभीर, 6 फरवरी को जतिन विनोद अग्रवाल, 7 फरवरी को राजीव शास्त्री, 8 फरवरी को महावीर शर्मा व 9 फरवरी को दिव्य दास एवं डॉ. मोहन तनेजा भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन 9 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक कथा होगी तथा इस दिन सायंकाल 4 से 7 बजे तक संकीर्तन होगा तत्पश्चात भंडारा चलाया जाएगा। अग्रसैन भवन के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला व सेवादार रमेश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 6 फरवरी को प्रातः 7 बजे शिव मंदिर, एमसी कॉलोनी से नगर संकीर्तन निकाला जाएगा जो आसपास के क्षेत्रों से होते हुए मकान नम्बर 467, अर्बन एस्टेट-।।, नजदीक विश्वास स्कूल पर सम्पन्न होगा। नगर कीर्तन में सैंकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे।



## लाला लाजपत राय जी के जन्मदिन पर अखिल भारतीय सेवा संघ के सदस्यों ने नमन किया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रधान सुमित मित्तल व सचिव संजीव राजपाल ने बताया कि लाला लाजपत राय के जन्मदिन के अवसर पर संघ के सभी सदस्यों ने नागोरी गेट चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व मिठाई बांटकर नमन किया। इस अवसर पर संस्था की तरफ से कोषाध्यक्ष सुशील गोयल, प्रांतीय सचिव संदीप भाटिया और प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता, जतिन वधवा, विनोद वर्मा, गौरव कटारिया, पवन गोयल, गोपाल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, अमित गर्ग, विष्णु गोयल, मुकेश अरोड़ा, राजेश अग्रवाल, प्रवीण गुप्ता, जितेंद्र सोनी, यूनाइट ऑल क्लब से साधिका अरोड़ा, रमा वर्मा, इंदु ज्योति आदि उपस्थित रहे।

## बापू महात्मा गांधी जी शान्ति व अहिंसा के पुजारी थे : बजरंग गर्ग

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बापू महात्मा गांधी जी का बलिदान दिवस हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में मनाया गया। जिस कार्यक्रम में भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने बापू महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बापू महात्मा गांधी जी शान्ति व अहिंसा के पुजारी थे। जब बापू जी को तीन गोली मार कर हत्या की गई। उस समय बापू महात्मा गांधी जी के मुंह से मरते-मरते सिर्फ भगवान श्री राम का नाम निकला था। बापू महात्मा गांधी जी ने एक लंगोटी व एक सोटी से भारत देश को आजाद करवाने का काम किया। बापू जी का पार्थिव शरीर को बिड़ला हाऊस की छत पर रखा गया। जिस पर सफ़ेद सूती कपड़ा लपेटा गया था। देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने कहा कि आज देश के राष्ट्रपिता नहीं रहे, हमारे जीवन से रोशनी चली गई है। बापू महात्मा गांधी जी को 10 लाख लोगों की विशाल भीड़ ने यमुना नदी के तट पर गांधी जी का अंतिम संस्कार किया गया। बापू जी ने अपना पूरा जीवन भारत देश के हित में लगा दिया। यहां तक की बापू महात्मा गांधी जी का देश की अजादी में बहुत बड़ा योगदान है। बजरंग गर्ग ने कहा कि दांडी यात्रा व नमक सत्याग्रह, महात्मा गांधी के नेतृत्व में औपनिवेशिक भारत में अहिंसक सविनय अवज्ञा का एक कार्य था।



चौबीस दिवसीय मार्च 12 मार्च 1930 से 6 अप्रैल 1930 तक ब्रिटिश नमक एकाधिकार के खिलाफ कर प्रतिरोध और अहिंसक विरोध के प्रत्यक्ष कार्रवाई अभियान के रूप में चला। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुखबीर डूडी,ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा,वरिष्ठ नेता अमर गुप्ता,महिला नेत्री गायत्री यादव, युवा नेता सुरेश पंघाल,यूथ हल्का अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लितानी, उकलाना विधायक प्रतिनिधि आशीष कुमार शीला, वरिष्ठ नेता अनूप सिंह सरसाना, किसान नेता नरेश मलिक, वरिष्ठ नेता हरफूल भाटी,अल्पसंख्यक चेयरमैन विक्टर डेविड अनुसूचित जनजाति प्रदेश अध्यक्ष रतन कुमार बडगूजर, युवा नेता विजेंदर हुड्डा, विनय कुमार ढूकिया,रिटायर्ड कर्मचारी सेल ज़िला अध्यक्ष रणधीर बामल, युवा नेता सोनू लंकेश, मोहनलाल जे .ई.रिटायर्ड , युवा नेता संजीव भोजराज, राजकुमार जांगड़ा,सुरेश कुमार वाल्मीकि, महिला नेत्री आशा रानी, कांग्रेस नेता प्रीतम चौधरी, सत्यवान नंबरदार खोखा, राहुल गर्ग, पूर्व प्रदेश सचिव कैलाश जांगड़ा,, युवा नेता भारत सोनी, ओमप्रकाश कुंडू , ,कृष्णा जाणी, रोशन लाल शर्मा, जय सिंह ,रोहतास कुमार ,रामेश्वर दास, हनुमान



जांगड़ा, कृष्ण कुमार हिसार, सुरेंद्र वर्मा ,राहुल गर्ग, मोहित बंसल ,अखिल गर्ग, दीपक, अतुल कुमार सिंह, मनोज कुमार, भूपेंद्र सिंह , युवराज सोनी आदि कांग्रेस नेता भारी संख्या में मौजूद रहे।

## निकाय चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस नेता रवि भुटानी को हिसार शहरी क्षेत्र का संयोजक बनाया

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व हरियाणा के प्रभारी दीपक बावरिया ने हरियाणा में होने वाले निकाय चुनावों के मद्देनजर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिये संयोजक व सह संयोजकों की नियुक्ति की है। हिसार शहरी क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि भुटानी को संयोजक नियुक्त किया है। उनके साथ वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बहादुर खोवाल व सुभाष वर्मा को सह संयोजक नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रवि भुटानी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। निकाय चुनावों में पार्टी से जुड़े प्रत्याशियों को विजय दिलाने में दिन-रात एक कर दिया जाएगा।



स्वामी एवं मुद्रक व संपादक कोरल द्वारा कार्यालय # 407, सेक्टर 16 पंचकूला से प्रकाशित और इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से मुद्रित करवाया जाता है। TITLE CODE : 1364436, Mob : 7508038116, E-mail : sareeka2473@gmail.com, website www.demokraticfront.com